कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/आदर्श वि/मॉनिटरिंग/2018–19/48 दिनांक 18-01-19

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षाधिकारियों को क्षेत्राधिकार में विद्यालय गोद दिए जाने बाबत।

प्रसंग :– रास्कूलशिप/जय/आदर्श–उत्कृष्ट पीएमयू कार्यवृत्त/2017–18/8339 दिनांक 12.11.2018 के क्रम में।

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में कार्यरत प्रत्येक शिक्षाधिकारी को अपने–अपने क्षेत्राधिकार में 5–5 विद्यालय गोद दिए जाने है। गोद दिए जाने वाले विद्यालयों की समस्त जिम्मेदारी इन अधिकारियों की होगी। इन गोद लिए गए विद्यालयों का अवलोकन इन अधिकारियों द्वारा समय–समय पर नियमित रूप से किया जायेगा तथा गत अवलोकन में प्राप्त कमियों की समीक्षा की जाकर आगामी दिशा–निर्देश विद्यालयों को उपलब्ध करवाये जाएंगे।

मण्डल क्षेत्राधिकार के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में कार्यरत प्रत्येक शिक्षाधिकारी को उनके क्षेत्राधिकार में 5–5 स्कूल गोद दिए जाने की सूचना निम्नांकित प्रारूप में दिनांक 28.01.2019 तक आवश्यक रूप से इस कार्यालय की ई–मेल आई.डी–rajadarshschool2017@gmail.com पर प्रेषित करते हुए उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

क्र. सं.	जिले का नाम	कार्यालय का नाम	जिला स्तरीय शिक्षाधिकारी का नाम मय मो.न0	पदनाम	गोद लिये गये विद्यालय का नाम	ब्लॉक	ग्राम पंचायत	संस्था प्रधान का नाम मय मो.नं0

क्र. सं.	जिले का नाम	ब्लॉक का नाम	कार्यालय का नाम	ब्लॉक स्तरीय शिक्षाधिकारी का नाम मय मो.नं0	पदनाम	गोद लिए गए विद्यालय का नाम	ग्राम पंचायत	संस्था प्रधान का नाम मय मो.नं0

(नूतनबाला कपिला)
संयुक्त निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/आदर्श वि/मॉनिटरिंग/2018–19/48 दिनांक 18-01-19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् कम विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कूल शि.प., जयपुर।
4. निजी सहायक, अति.राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कूल शि.प.,जयपुर।
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
6. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, समस्त जिले।
7. प्रभारी, आदर्श एवं उत्कृष्ट प्रकोष्ठ, जयपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी
(आदर्श विद्यालय प्रकोष्ठ)
मा.शि.,राज.,बीकानेर